
HONDA

# PUMPSET

## WBK 30 / WB 30 / WPK 20 / WP 20




# OWNER'S MANUAL

# ग्राहक पुस्तिका

Honda Siel Power Products Limited

होण्डा सीएल पॉवर प्रोडक्ट्स लिमिटेड

**Honda** WBK 30 / WB 30 / WPK 20 / WP 20

# ग्राहक पुस्तिका

ग्राहक पुस्तिका को हमेशा अपनें साथ रखें ताकि जरूरत के समय देखी जा सके। यह ग्राहक पुस्तिका पम्पसेट का स्थायी भाग माना जाता है इसलिए पम्पसेट के बिकने के बाद भी यह साथ रहनी चाहिये ।

इस प्रकाशन में शामिल जानकारी और विशिष्टताओं को मुद्रण के लिए अनुमोदन के समय में प्रभाव में थे । होण्डा सीएल पॉवर प्रोडक्ट्स लिमिटेड, सूचना के बिना और किसी भी दायित्व उठाने के बिना किसी भी समय विशिष्टताओं या डिजाइन को बंद या परिवर्तित करने का हक़ रखता है ।

**होण्डा बिक्री डीलर**

नाम : ____________________

पता : ____________________

____________________

दूरभाष नंबर : ____________________

पी.डी.आई. तारीख : ____________________

वारण्टी वैधता : ____________________

उपयोग : वाणिज्यिक ☐ गैर वाणिज्यिक ☐ किराये हेतु ☐

# परिचय

विश्व स्तरीय होण्डा पोर्टेबल पम्पसेट खरीदने पर हम आपको बधाई देते है । हमें विश्वास है कि आप विश्व में सबसे बढ़िया पम्पसेट में से एक को खरीद के खुश रहेंगे ।

हम आपको अपने नए पम्पसेट से अच्छे परिणाम पाने के लिए और इसे सुरक्षित रुप से संचालित करने के लिए मदद करना चाहते हैं । कृपया पम्पसेट को सुचारू रूप से चलाने एवं सही रख-रखाव के लिए ग्राहक पुस्तिका को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।

जैसे आप इस पुस्तिका को पढ़ेंगे, आपको ध्यान रखें के प्रतीक से सूचित किया गया है । यह जानकारी आपको अपने पम्पसेट अन्य संपत्ति, या पर्यावरण को नुकसान से बचाने के इरादे से दी गयी है ।

हम यह सुझाव देते हैं कि सुचारू रूप से पम्पसेट चलाने के लिए वांरटी नीति की सभी बातों को ध्यानपूर्वक पढ़ कर समझ लें ।

पम्पसेट के सही रख रखाव के लिए होण्डा पम्पसेट, होण्डा के अधिकृत डीलर द्वारा ही ठीक करवाना चाहिए जो कि होण्डा द्वारा प्रशिक्षित है । आपका अधिकृत सर्विस डीलर आपकी संतुष्टि के लिए समर्पित है और आपकी सभी समस्याओं का उचित समाधान करने के लिए तत्पर है ।

हम आपके बहुमूल्य सुझाव और प्रतिक्रिया का स्वागत करते हैं ।

कृपया, विपणन प्रबंधाक को अपनी प्रतिक्रिया भेजें :

**होण्डा सीएल पॉवर प्रोडक्ट्स लिमिटेड**
**दूरभाष नंबर : ०१२०–२३४१०५० से ५९ फैक्स : ०१२०–२३४१०७८ से ७९**
**ई–मेल : ho.mktg@hspp.com**
**कार्य समय : प्रात : ०८:१५ से सायं ०५:१५ बजे तक (सोम से शुक्र)**

**अथवा**

सहायता के लिए हमारे ग्राहक सेवा केंद्र से संपर्क करें :

**टोल फ्री नंबर : १८०० ११ २३२३**
**कार्य समय : प्रात : ०९:०० से सायं ०६:०० बजे तक**
(सार्वजनिक छुट्टियों को छोड़कर सोमवार से रविवार तक उपलब्ध)

शुभकामनाएं

होण्डा सीएल पॉवर प्रोडक्ट्स लिमिटेड

**संचालन, रख-रखाव और समस्या निवारण के बारे में कृपया देखें :**
**www.hppsv.com/IND/ या स्कैन करें**

# सुरक्षा के बारे में कुछ निर्देश

आपकी और दूसरों की सुरक्षा बहुत ही जरूरी है । पम्पसेट को सुरक्षितता से चलाना आपका दायित्व है ।

इस पुस्तिका में संचालन प्रक्रिया एवं अन्य जानकारियां दी गयी हैं । यह जानकारियां आपको सुरक्षितता के बारे में सूचित निर्णय लेने में मदद करेगी । यह जानकारियां संभावित खतरे, जो आपको और दूसरों को जख्मी कर सकते हैं, उनसे सचेत करती है ।

बेशक यह व्यावहारिक नहीं है कि पम्पसेट के परिचालन के लिए हर संभावित खतरों के बारें में आपको बता सकें, आपको भी अपने अच्छे निर्णय का उपयोग करना चाहिए ।

सुरक्षा निर्देश आपको विभिन्न स्थिति में मिलेंगें जैसे कि :

- **सुरक्षा निर्देश** – आपके पम्पसेट पर लेबल दिए हुए हैं ।
- **सुरक्षा संदेश** – चेतावनी प्रतीक ⚠ के बाद और तीन संकेत शब्दों में से एक – **खतरा, चेतावनी, या सावधानी ।**

इन सांकेतिक शब्दों का अर्थ है :

| | |
|---|---|
| **⚠ खतरा** | आपको गंभीर चोट लगेगी या आप मरेंगे, अगर आप निर्देशों का पालन नहीं करेंगें । |
| **⚠ चेतावनी** | आपको गंभीर चोट लग सकती है या आप मर सकते है अगर आप निर्देशों का पालन नहीं करेंगें । |
| **⚠ सावधानी** | आपको चोट लग सकती है अगर आप निर्देशों का पालन नहीं करेंगें । |

- **सुरक्षा शीर्षक** – जैसे कि महत्वपूर्ण सुरक्षा अनुदेश ।
- **सुरक्षा अनुभाग** – जैसे कि पम्पसेट सुरक्षा ।
- **निर्देश** – सही ढंग से और सुरक्षित रूप से यह पम्पसेट का उपयोग कैसे करें ।

इस पूरी किताब में महत्वपूर्ण सुरक्षा जानकारी है । कृप्या ध्यान से पढ़ें ।

# विषय

पम्पसेट सुरक्षा ........ 4

सुरक्षा निर्देश ........ 5

उपकरणों की पहचान ........ 6

उपयोग के पहले जाँच ........ 7-9

प्रयोग ........ 10-13

पम्पसेट की सर्विस ........ 14-16

परिवहन एवं भंडारण करना ........ 17

खराबी ठीक करना ........ 18-19

तकनीकी जानकारी ........ 20-23

वारण्टी पॉलिसी ........ 24

संस्थापन और मुफ्त सेवा ........ 25

एरिया ऑफिस एड्रेस की सूची ........ 26

पी.डी.आई. और मुफ्त सेवा कूपन ........ I - IV

# पम्पसेट सुरक्षा

## महत्वपूर्ण सुरक्षा जानकारी

पुस्तिका में दिये गए दिशा निर्देशों का पालन करने से पम्पसेट को नुकसान व चोट इत्यादि से बचा जा सकता है। कुछ सबसे आम खतरों के बारे में आपसे नीचे चर्चा कर रहे हैं। खुद को और दूसरों की रक्षा करने के लिए नीचे दिये गये निर्देशों का पालन करें ।

## चलाने वाले की जिम्मेदारी

- आपातकालीन स्थिति में पम्पसेट को रोकने की जानकारी ।
- ध्यान रखें की जो व्यक्ति पम्पसेट चला रहा है उसे पूरी जानकारी हो । बच्चों को माता पिता के पर्यवेक्षण के बिना पम्पसेट संचालित करने मत दें।

## कार्बन मोनोऑक्साईड के खतरे

- ध्यान रखें की इंजन की निकास प्रणाली से जहरीली कार्बन मोनोऑक्साईड गैस बाहर निकलती है जो कि बेरंग और गंधहीन होती है, इसके साँस लेने पर अंदर जाने से **कुछ ही समय में कोई मर भी सकता है।** इंजन चलाते समय कार्बन मोनोऑक्साईड का खतरा टालने के लिए नीचे दिए गये दिशा र्निदेशों का पालन कीजिए ।
- हमेशा पम्पसेट को खुले में ही चलायें, खुली खिड़की, दरवाजों या निकास के नजदीक में न चलायों
- पम्पसेट को घर, गेराज, तहखाना, छोटी जगह या बंद अथवा आंशिक रूप से बंद जगह के अन्दर नहीं चलाये। पम्पसेट को गहरे कुएँ में कतई ना चलाएँ।
- कभी भी खुली खिड़की, दरवाजों के नजदीक में पम्पसेट न चलायें।
- अगर आपको संदेह है कि आपने साँस में कार्बन मोनोऑक्साईड खींच ली है, तो खुली हवा में ताज़ी साँस लें और तुरंत वैद्यकीय चिकित्सा करें।

कार्बन मोनोऑक्साईड संपर्क के प्रारंभिक लक्षणों में सिर दर्द,थकान ,साँस की तकली फ, उल्टी और चक्कर आना शामिल हैं । निरंतर कार्बन मोनोऑक्साईड के संपर्क से माँसपेशियों के समन्वय की कमी,बेहोशी ,और फिर मौत हो सकती है।

## आग और जलने के खतरें

- निकास प्रणाली कुछ भी सामग्री प्रज्वलित करने के लिए पर्याप्त गर्म हो जाती है ।
  - पम्पसेट को इमारत की दिवारों और अन्य उपकरणों से कम से कम 1 मिटर (3 फुट) दूरी पर रखें ।
  - कृपया पम्पसेट किसी बंद जगह में न चलायें ।
  - कृपया पम्पसेट को ज्वलनशील सामग्री से दूर रखें ।

मफलर प्रयोग के दौरान बहुत गर्म हो जाता है और पम्पसेट को रोकने के बाद थोड़ी देर के लिए गर्म रहता है। कृपया सावधानी बरतें, गरम अवस्था में मफलर को न छूने की खबरदारी लें। पम्पसेट का भंडारण करने से पहले उसे उपरोक्त ठंडा होने दें ।

## सावधानी से इंधन भरना

पेट्रोल और केरोसिन अत्यंत ज्वलनशील है, और पेट्रोल की भाप विस्फोट कर सकती है । पम्पसेट का प्रयोग किया गया है, तो पम्पसेट को बंद करने के बाद उसे ठंडा होने दें ।

इंधन भरते समय पम्पसेट बंद रखे और खुली और हवादार क्षेत्र में ही भरे ।
उपयोग के दौरान इंधन न भरें ।

फ्यूल टैंक में इंधन जरुरत से ज़्यादा न भरें ।

पेट्रोल और केरोसिन के पास धूम्रपान कभी नहीं करें और अन्य लपटें और स्पार्क्स दूर रखें ।

पेट्रोल और केरोसिन को हमेशा अनुमोदित कंटेनर में रखें । ध्यान रखें कि इंजन चालू करने से पहले फैला हुआ इंधन साफ कर लें ।

# सुरक्षा निर्देश

## सुरक्षित चलाने के लिए



**कृपया पम्पसेट किसी बंद जगह में न चलायें।**
**खुले वातावरण में ही पम्पसेट चलायें जहाँ**
**वायु का पर्याप्त आवागमन हो ।**


होण्डा पम्पसेट, यदि निर्देशों के अनुसार इस्तेमाल किया गया, तो सुरक्षित और भरोसेमंद सेवा देगा ।
पम्पसेट चलाने से पहले ग्राहक पुस्तिका को ध्यान पूर्वक पढ़ लें और समझ लें । ऐसा न करने से खुद को या उपकरण को नुकसान हो सकता है ।

**⚠ चेतावनी**


एक्ज़ास्ट गैस से जहरीली कार्बन मोनोऑक्साईड निकलती है ।




पम्पसेट को ज्वलनशील प्रदार्थ से कम से कम 1 मीटर (3 फुट) दूरी पर रखें ।




इंधन भरते समय पम्पसेट बंद करें और धुम्रपान न करें, फैले हुए इंधन को साफ करें ।



निकास प्रणाली मफलर को पाईप से न जोड़ें।




पम्पसेट प्रयोग के समय कवर से न ढकें।




पम्पसेट प्रयोग के समय पम्पसेट का झुकाव 20° से अधिक नहीं होना चाहिए।

# उपकरणों की पहचान



1 थ्रोटल लीवर
2 इंजन ऑयल ड्रेन बोल्ट
3 ड्रेन कॉक
4 चोक रॉड
5 एयर क्लीनर
6 पेट्रोल टैकं कैप
7 केरोसिन टैंक कैप
8 फ्यूल कॉक
9 इंजन ऑयल फिलर कैप
10 इंजन स्विच
11 प्राइमिंग वाटर फिलर कैप
12 डिस्चार्ज पोर्ट
13 सक्शन पोर्ट
14 पम्प ड्रेन प्लग
15 मफलर
16 स्ट्रेनर

# उपयोग से पहले जाँच

पम्पसेट को चालू करने से पहले निम्न बातों का ध्यान रखें।


पम्पसेट की साधारण हालत की जाँच करें।

1. पम्पसेट के नीचे देखें कि कहीं ऑयल या पेट्रोल लीक तो नहीं है ।
2. मफलर और रिकॉइल स्टार्टर के पास से गन्दगी हटाएं ।
3. टूट फूट को जाँचे।
4. जाँचे सभी नट, बोल्ट, और पेंच कसे हुए हैं ।


### 1. इंजन ऑयल स्तर जाँचे



**ध्यान रखें :**
इंजन को बंद करके समतल सतह पर रखकर ही जाँचे।




1. इंजन का ऑयल स्तर जाँच ले।



1. ऑयल को उपरी सतह तक भरें।


4 स्ट्रोक इंजन ऑयल
एस.ए.ई. 10 डब्लू-30
ए.पी.आई. एस.एफ
या उससे अधिक



### ऑयल अॅलर्ट सिस्टम


1. अगर क्रेन्ककेस में ऑयल का स्तर सुरक्षित स्तर से नीचे आता है तो ऑयल अॅलर्ट सिस्टम स्वचालित ढंग से पम्पसेट को ऑफ कर देगा।




2. ऐसा होने पर इंजन ऑयल उपरी सतह तक भर कर पम्पसेट दुबारा स्टार्ट करें।

**⚠ ध्यान रखें** प्रत्येक ऑपरेशन से पहले इंजन ऑयल जाँच लें, अनुशंसित इंजन ऑयल ही प्रयोग करें।

## 2. फ्यूल स्तर



1. फ्यूल स्तर की जाँच करें।



2. अगर यह कम है तो, फ्यूल फिल्टर लेवल तक फ्यूल भर दीजिए।



**⚠ ध्यान रखें** गंदा / ऑयल मिश्रित पेट्रोल / केरोसिन का उपयोग ना करें।

## 3. एयर क्लीनर

1. एयर क्लीनर का कवर खोलिये और एयर क्लीनर एलीमेंन्ट निकालिए।





2. एयर क्लीनर एलीमेंन्ट को जाँच लिजिये, अगर गंदा हो तो इसे साफ करें।


3. एयर क्लीनर कप में अगर तेल गंदा है तो उसे बदल दें। तेल का स्तर बताये गये लेवल तक रखें।



**4. पम्प**

1. सक्शन होज़ को जोड़ दें।





**⚠ ध्यान रखें**


सक्शन होज़ के साथ हमेशा, स्ट्रेनर का इस्तेमाल करें वर्ना पम्प के अन्दर कंकड़-कचरा जाने से उसके इम्पैलर को भारी नुकसान पहुँचेगा। होज़ बैंड के साथ सही क्लैम्पिंग सुनिश्चित करें।

2. डिस्चार्ज होज़ को जोड़ दें।




3. प्राइमिंग पानी की जाँच करें।

सुझाव दिया जाता है कि पम्प चालू करने से पहले वाटर चैंबर में पूरा पानी भर कर ही प्राइमिंग की जाए।



**⚠ ध्यान रखें**


पम्प को बिना प्राइमिंग पानी के न चलाएँ, वर्ना पम्प अत्याधिक गर्म हो जाएगा। ज्यादा समय तक सूखे पम्प को चलाने से उसकी सील खराब हो जाएगी।

# प्रयोग


## इंजन को चालू करना

### ठंडा स्टार्ट ( केवल WBK30 और WPK 20 के लिए )


1. इंजन स्विच को ऑन पोजिशन पर घुमा दीजिए।



2. चोक रॉड को बाहर की तरफ खीचें।




3. सुनिश्चित करें की फ्यूल कॉक "बंद (स्टॉप)" की दिशा में हो। फिर ड्रेन कॉक को ऑन की दिशा में घुमायें और कारबोरेटर में से केरोसिन किसी भी डब्बे में निकालें।




4. ड्रेन कॉक को ऑफ की दिशा में घुमायें। कारबोरेटर से निकाले हुए केरोसिन को वापिस केरोसिन टैंक में डालें।

5. फ्यूल कॉक को घुमाकर "स्टार्ट" पर कर दीजिए।




6. थ्रोटल लीवर को थोड़ा सा उठाएँ।




सूचना : शुरू करने से पहले पानी भरना सुनिश्चित करें।

7. स्टार्टर ग्रिप को धीरे से खींचे जब तक आपको खिंचाव महसूस न हो, फिर दर्शाए गए तीर की दिशा में तेजी से खींच दें।




**ध्यान रखें** स्टार्टर ग्रिप को तेजी से वापस न आने दें। स्टार्टर को क्षति से बचाने के लिए धीरे से स्टार्टर लौटने दें।

8. फ्यूल कॉक को "रन" की पोजिशन में करें।




9. इंजन गर्म होने पर चोक रॉड को अंदर की ओर धकेलें।




## इंजन को चालू करना

### ठंडा स्टार्ट ( केवल WB 30 और WP 20 के लिए )


1. इंजन स्विच को ऑन पोजिशन पर घुमा दीजिए।




2. चोक रॉड को बाहर की तरफ खीचें।



3. फ्यूल कॉक को घुमाकर "रन" पर कर दीजिए।




4. थ्रोटल लीवर को थोड़ा सा उठाएँ।




सूचना : शुरू करने से पहले पानी भरना सुनिश्चित करें।

5. स्टार्टर ग्रिप को धीरे से खींचे जब तक आपको खिंचाव महसूस न हो, फिर दर्शाए गए तीर की दिशा में तेजी से खींच दें।



**ध्यान रखें** स्टार्टर ग्रिप को तेजी से वापस न आने दें। स्टार्टर को क्षति से बचाने के लिए धीरे से स्टार्टर लौटने दें।


6. इंजन गर्म होने पर चोक रॉड को अंदर की ओर धकेलें।




## इंजन को चालू करना

### हॉट स्टार्ट ( केवल WBK 30 और WPK 20 के लिए )


1. इंजन स्विच को ऑन पोजिशन पर घुमा दीजिए।



2. सुनिश्चित करें की चोक "अन्दर" की दिशा में हो।




3. सुनिश्चित करें की फ्यूल कॉक "बंद (स्टॉप)" की दिशा में हो। फिर ड्रेन कॉक को ऑन की दिशा में घुमायें और कारबोरेटर में से केरोसिन किसी भी डब्बे में निकालें।




4. ड्रेन कॉक को ऑफ की दिशा में घुमायें। कारबोरेटर से निकाले हुए केरोसिन को वापिस केरोसिन टैंक में डालें।

5. फ्यूल कॉक को घुमाकर "स्टार्ट" पर कर दीजिए।




6. थ्रोटल लीवर को थोड़ा सा उठाएँ।




सूचना : शुरू करने से पहले पानी भरना सुनिश्चित करें।

7. स्टार्टर ग्रिप को धीरे से खींचे जब तक आपको खिंचाव महसूस न हो, फिर दर्शाए गए तीर की दिशा में तेजी से खींच दें।



**ध्यान रखें** स्टार्टर ग्रिप को तेजी से वापस न आने दें। स्टार्टर को क्षति से बचाने के लिए धीरे से स्टार्टर लौटने दें।


8. फ्यूल कॉक को "रन" की पोजिशन में करें।




## इंजन को चालू करना

### हॉट स्टार्ट ( केवल WB 30 और WP 20 के लिए )


1. इंजन स्विच को ऑन पोजिशन पर घुमा दीजिए।




2. सुनिश्चित करें की चोक "अंदर" की दिशा में हो।



3. फ्यूल कॉक को "रन" की पोजिशन में करें।





4. थ्रोटल लीवर को थोड़ा सा उठाएँ।



सूचना : शुरू करने से पहले पानी भरना सुनिश्चित करें।

5. स्टार्टर ग्रिप को धीरे से खींचे जब तक आपको खिंचाव महसूस न हो, फिर दर्शाए गए तीर की दिशा में तेजी से खींच दें।




**ध्यान रखें** स्टार्टर ग्रिप को तेजी से वापस न आने दें। स्टार्टर को क्षति से बचाने के लिए धीरे से स्टार्टर लौटने दें।


## इंजन को बंद करना

आपातकालीन स्थिती मे इंजन रोकने के लिये इंजन स्विच को ऑफ पोजिशन पर घुमा दीजिए । साधारण स्थिती मे निम्न बातों को अपनाएं।


1. थ्रोटल लीवर को पूरा नीचे तक लाइये।



2. इंजन स्विच को ''ऑफ '' पोजिशन पर करें।




3.फ्यूल कॉक को "स्टॉप" पोजिशन पर करें।



# पम्पसेट की सर्विस

## रख-रखाव समय सारणी

| **सामान्य सर्विस अवधि ( 3 )**<br>हर संकेत महीने या ऑपरेटिंग घंटे के अंतराल पर परफॉर्म करें, जो भी पहले आए ।<br><br>चीजे | प्रत्येक उपयोग के पहले  | पहले माह या 20 Hr. | हर तीसरे माह या 50 Hr. | हर छह माह या 100 Hr. | हर साल या 300 Hr. | 3 साल | पेज देखें |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इंजन ऑयल  | लेवल जाँचे | बदलें | | बदलें | | | 16 |
| एयर क्लीनर  | जाँचे | | साफ करें | साफ करें | बदलना | | 15 |
| स्पार्क प्लग  | | | | साफ करें<br>जाँचे एडजैस्ट | | | 16 |
| मफलर  | | | | | साफ करें<br>(2) | | |
| सिलेण्डर हेड  | | | | | साफ करें<br>(2) | | |
| फ्यूल टयूब व फिल्टर  | | | | | साफ करें<br>(2) | बदलना<br>(2) | |
| वाल्व क्लियरेन्स  | | | | | जाँचे एडजैस्ट<br>(2) | | |
| इम्पेलर  | | | | | जाँचे<br>(2) | | |
| केसिंग / **गैसकेट**  | | | | | जाँचे<br>(2) | | |

(1) धूल भरी जगह पर उपयोग करने पर सर्विस कम अंतराल में करें ।

(2) यह सारी चीजे होण्डा के अधिकृत डिलर द्वारा ही सर्विस करवानी चाहिये, अगर आपके पास उचित औज़ार और कुशलता नहीं है । सर्विस प्रक्रिया के लिए होण्डा शॉप मैन्युअल का संदर्भ लें ।

(3) वाणिज्यिक उपयोग के लिए इंजन उपयोग के घंटो को सही हिसाब रखें।

नोट : नए पम्पसेट में 20 घंटे बाद और बाद में हर 100 घंटे में ऑयल बदलना चाहिए।

# एयर क्लीनर

## साफ करना

### ऑयल बाथ प्रकार


1. विंग नट, एयर क्लीनर कैप और कवर को निकाले।

2. एयर फिल्टर एलिमेंट को कवर से निकाले।
   (ए) कवर और फिल्टर एलिमेंट को हल्के गरम साबुन वाले पानी में धो लें।
   (बी) कवर और फिल्टर एलिमेंट को अच्छी तरह से सुखा लें या अज्वलशील द्रव्य (साल्वेंट) से धो कर और सुखा कर प्रयोग करें।

3. एयर क्लीनर केस मे से पुराना तेल निकाल लें और एयर क्लीनर केस को अज्वलशील द्रव्य (साल्वेंट) से धो कर और सुखा कर प्रयोग करें।

4. एयर क्लीनर केस मे अनुशंसित इंजन ऑयल "ऑयल लेवल "के निशान तक ही डालें।
   ऑयल क्षमता : 50 सी.सी.

5. एयर क्लीनर दुबारा लगायें और विंग नट को कसें।




## स्पार्क प्लग


1. स्पार्क प्लग खोलें।



2. प्लग में कार्बन है तो तार वाले ब्रश से साफ करें।



3. फीलर गेज से प्लग का गैप नापें जरूरत पड़ने पर इलेक्ट्रोड दबा कर ठीक करें।





**ध्यान रखें**


ढीला स्पार्क प्लग इंजन को गरम और नुकसान पहुँचा सकता है । ज़्यादा कसने से स्पार्क प्लग सिलेंडर हेड की चूड़ीयाँ खराब कर सकता है ।

## ऑयल बदलना

1. ऑयल फिलर कैप को निकाले।



2. ऑयल ड्रेन प्लग को खोलियें और ऑयल निकाले।



3. ऑयल ड्रेन प्लग को कस दें और नये अनुशंसित ऑयल को फिलर की उपरी सतह तक भर दीजिये।

# परिवहन एवं भंडारण करना

## परिवहन

अगर पम्पसेट चला हुआ है तो उसे 15 मिनट तक ठंडा होने दे। गर्म इंजन पैकिंग को जला सकता है। परिवहन करते समय इंजन स्विच और फ्यूज कॉक को स्टॉप पोजिशन में रखें और पम्पसेट का फ्यूल फैलने से बचाने के लिए सीधा रखें।

### भंडारण करना

**⚠ चेतावनी**

पेट्रोल अत्याधिक ज्वलनशील और विस्फोटक है। पेट्रोल भरते समय आपको गंभीर चोट लग सकती है या आप जल सकते है।

- इंजन बंद कीजिये, और पेट्रोल को गर्मी, स्पार्क, लौ से दूर रखें।
- इंधन को बाहर खुली जगह पर ही रखें।
- फैले हुए इंधन को साफ करें।

1. सुनिश्चित करें की जहाँ पर इंजन रखें वहाँ पर नमी और धूल मिट्टी ना हो।
2. फ्यूल टैंक कैप को खोलें, फ्यूल स्ट्रेनर को निकालें, और इंधन (पेट्रोल और केरोसिन) को उसमे खाली करें। टैंक को खाली करने के लिए हमेशा व्यवसायिक पेट्रोल हाथ पम्प का इस्तेमाल करें। फ्यूल स्ट्रेनर और फ्यूल टैंक कैप को दुबारा लगाएं।

3. फ्यूल को निकालें।


ए. ड्रेन टयूब के नीचे डिब्बा रखें।

बी. WBK 30 और WPK 20 के अन्दर – फ्यूल कॉक को "स्टार्ट" पोजिशन में करें।
ड्रेन कॉक आन करके कारबोरेटर से फ्यूल निकालें।

WB 30 और WP 20 के अन्दर – फ्यूल कॉक को "रन" पोजिशन में करें।
ड्रेन स्क्रू को ढीला करके कारबोरेटर से फ्यूल निकालें।

सी. जब फ्यूल निकल जायें तो कारबोरेटर ड्रेन कॉक को बंद करें (WBK 30 या WPK 20 में) या कारबोरेटर ड्रेन स्क्रू का कस दें (WB 30 या WP 20 में) और फ्यूल कॉक को ऑफ पोजिशन में कर दें।

4. एयर क्लीनर का ऑयल पॅन को निकाल के ऑयल हटा दें और ऑयल पॅन को वापिस लगा दें।
5. इंजन ऑयल बदले।
6. स्पार्क प्लग निकाले, सिलेंडर क्रेन्क में एक चम्मच साफ इंजन ऑयल डाले फिर स्पार्क प्लग को लगायें।
7. स्टार्टर ग्रिप को खीचें जब तक खिचाव महसूस न हो। इससे पिस्टन कौमप्रेशन स्ट्रोक पर आ जाता है और इन्लेट एवं एग्जॉस्ट वाल्व बन्द हो जाते हैं ।इस स्थिति में पम्पसेट रखने से अन्दर ही अन्दर जंग नहीं लगेगा । स्टार्टर ग्रिप को धीरे-धीरे लौटने दें ।



8. पम्पसेट को साफ जगह में रखें और ठीक से ढक दें।


# खराबी ठीक करना

| इंजन चालू नहीं हो रहा | क्या कारण है | ठीक करने के सुझाव |
|---|---|---|
| 1.कन्ट्रोल पोजिशन जाँचें। | फ्यूल कॉक बंद है। (स्टॉप) | कॉक को स्टार्ट/रन पोजिशन में घुमायें। |
| | चोक खुला है। | रॉड को बंद पोजिशन में धकेलें जब पम्पसेट गरम हो । |
| | इंजन स्विच बंद है। | इंजन स्विच को आन पोजिशन में घुमायें। |
| 2.इंजन ऑयल स्तर जाँचें। | इंजन ऑयल कम है। | अनुशंसित ऑयल को फिलर की उपरी सतह तक भर दीजिये। |
| 3.पेट्रोल जाँचें। | पेट्रोल नहीं है। | पेट्रोल भरें। |
| | पम्पसेट मे गंदा पेट्रोल या केरोसिन है। | फ्यूल टैंक और कारबोरेटर से पेट्रोल निकालें। नया साफ पेट्रोल/केरोसिन टैंक मे डालें। |
| 4.स्पार्क प्लग खोलकर जाँचें। | स्पार्क प्लग खराब है या गैप ठीक नहीं है। | गैप को ठीक करे या स्पार्क प्लग बदलें। |
| | स्पार्क प्लग तेल से गीला है। | स्पार्क प्लग सुखा कर लगायें। थ्रौटल लीवर को मैक्स पोजिशन में रख कर इंजन को चालू करें। |
| 5. फ्यूल फिल्टर मे रूकावट से कारबोरेटर का न काम करना, इग्निशन मे कमी, वाल्व खराब इत्यादी। | खराब पुर्जो को ठीक करें या बदलें। | पम्पसेट को अधिकृत डीलर/सर्विस प्वाइन्ट पर लें जाऐं। |


| इंजन मे पॉवर नहीं है | क्या कारण है | ठीक करने के सुझाव |
|---|---|---|
| 1.एयर फिल्टर जाँचें। | फिल्टर एलिमेन्ट बंद। | एयर फिल्टर साफ करें या बदलें। |
| 2.पेट्रोल जाँचें। | पम्पसेट मे गंदा पेट्रोल या केरोसिन है। | फ्यूल टैंक और कारबोरेटर से पेट्रोल निकालें। नया साफ पेट्रोल/केरोसिन टैंक मे डालें। |
| 3. फ्यूल फिल्टर मे रूकावट से कारबोरेटर का न काम करना, इग्निशन मे कमी, वाल्व खराब इत्यादि। | खराब पुर्जो को ठीक करें या बदलें। | पम्पसेट को अधिकृत डीलर/सर्विस प्वाइन्ट पर लें जाएँ। |

**जब पम्प पानी न खींच रहा हो**


1. क्या पम्प पूरी तरह प्राइम किया गया है।




2. क्या स्ट्रेनर में कुछ अटक तो नहीं गया है?




3. क्या होज़ मजबूती से लगाए गये हैं?




4. क्या होज़ क्षतिग्रस्त है?



5. क्या सक्शन हेड अत्याधिक ऊँचा है?



6. यदि तब भी पम्प काम नहीं कर रहा है तो उसे अधिकृत डीलर के पास ले जाएँ।



# तकनीकी जानकारी
## विशिष्टताएं


| पम्पसेट | | मॉडल | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | WBK30 | WB30 | WPK20 | WP20 |
| आयाम (लम्बाई x चौड़ाई x उंचाई मि.मी में) | फुल फ्रेम | 623 x 490 x 498 | | 540 x 440 x 476 | |
| | कैरी हैन्डल | 603 x 490 x 487 | | 515 x 440 x 487 | |
| किस्म | | सेंट्रीफ्युगल सेल्फ प्राईमिंग , मोनोब्लॉक हॉरिजॉन्टल मेकानिकल सील के साथ | | | |
| सक्शन पोर्ट व्यास (मि.मी में) | | 80 | | 48 | |
| डिस्चार्ज पोर्ट व्यास(मि.मी में) | | 80 | | 48 | |
| वजन (सूखा) (कि.ग्रा. में) | फुल फ्रेम | 32.0 | 32.0 | 29.5 | 29.0 |
| | कैरी हैन्डल | 28.0 | | 26.5 | |
| कुल हेड (मीटर में) | | 28 | | 30 | |
| सक्शन हेड (मीटर में) | | 8 | | 8 | |
| अधिकतम डिस्चार्ज (लीटर में प्रति मिनट) | | 1000 | | 600 | 650 |
| रेटेड रेवोल्यूशन (आर.पी.एम) | | 3850 ± 150 | | | |
| प्राईमिंग टाईम | | 150 सैकिण्डप्रति 5 मीटर | | 90 सै.प्रति 5 मी. | 80 सै.प्रति 5 मी. |

| इंजन | | मॉडल | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | GK200 | G200 | GK200 | G200 |
| इंजन का प्रकार | | 4 स्ट्रोक, साइड वाल्व, एयर कूल्ड, हॉरिजॉन्टल शाफ्ट, सिंगल सिलेण्डर, | | | |
| डिसप्लेसमेंट (सेमी³) | | 197 | | | |
| बोर x स्ट्रोक (मि.मी में) | | 67.0 x 56.0 | | | |
| कम्प्रेशन अनुपात | | 4.5 : 1 | 6.5 : 1 | 4.5 : 1 | 6.5 : 1 |
| फ्यूल प्रकार | चालू होता है | पेट्रोल | पेट्रोल | पेट्रोल | पेट्रोल |
| | चलता है | केरोसिन | | केरोसिन | |
| नेट पॉवर | | 2.6 kw/3600 rpm (3.5 HP/3600 rpm) | 3.4 kw/3600 rpm (4.5 HP/3600 rpm) | 2.6 kw/3600 rpm (3.5 HP/3600 rpm) | 3.4 kw/3600 rpm (4.5 HP/3600 rpm) |
| कॉन्टीन्युअस रेटेड पॉवर | | 2.2 kw/3600 rpm (3.0 HP/3600 rpm) | 2.7 kw/3600 rpm (3.6 HP/3600 rpm ) | 2.2 kw/3600 rpm (3.0 HP/3600 rpm) | 2.7 kw/3600 rpm (3.6 HP/3600 rpm) |
| अधिकतम नेट टॉर्क | | 7.9 Nm/2500 rpm (5.9 lbf-ft/2500 rpm) | 9.2 Nm/2500 rpm (6.8 lbf-ft/2500 rpm) | 7.9 Nm/2500 rpm (5.9 lbf-ft/2500 rpm) | 9.2 Nm/2500 rpm (6.8 lbf-ft/2500 rpm) |
| इग्निशन प्रणाली | | फ्लाई व्हील मैग्नेटो सी बी पॉइंट | | | |
| एयर क्लीनर | | ऑयल बाथ प्रकार | | | |
| फ्यूल टैंक क्षमता | पेट्रोल | 0.35 | 3.7 | 0.35 | 3.7 |
| | केरोसिन | 3.3 | लागू नहीं | 3.3 | लागू नहीं |
| इंजन ऑयल क्षमता (लीटर में) | | 0.7 | | | |

ध्यान दें : विशिष्टताओं में बिना किसी पूर्व सूचना के परिवर्तन किये जा सकते हैं।


## परफोर्मेंस कर्व

WBK 30 / WB 30




## परफोर्मेंस कर्व

WPK 20



## परफोर्मेंस कर्व

WP 20



# संस्थापन और मुफ्त सेवा

## 1. वितरण पूर्व निरीक्षण (पी.डी.आई.)

- होण्डा के डीलर द्वारा पम्पसेट की संस्थापन पूर्व जाँच सेवा प्रदान की जाती है ताकि आप खराबी मुक्त पम्पसेट का प्रयोग कर सकें ।
- पी.डी.आई. कूपन इसके साथ संलग्न हैं ।

## 2. आवर्ती रख-रखाव सेवा

- पम्पसेट के गड़बड़ी रहित चलते रहने के लिए ग्राहक पुस्तिका में दी गयी रख-रखाव संबंधी समय-सारणी के मुताबिक सेट की आवर्ती रख-रखाव जरूरी है ।

## 3. मुफ्त सेवा

- एक मुफ्त सेवा कूपन संलग्न है ।
- उपभोक्ता से अनुरोध है कि वह मुफ्त सेवा प्राप्त करने हेतु पम्पसेट को इस पुस्तिका सहित किसी अधिकृत डीलर/सर्विस पॉइंट के पास ले जाये ।
- किसी भी अधिकृत डीलर/सर्विस पॉइंट से मुफ्त सेवा प्राप्त की जा सकती है ।
- यह भेट केवल मुफ्त सर्विस के लिए निचे दिए समय-सारिणी के अनुसार ही वैध होगी ।

<table>
<tr><th rowspan="2">सेवा का प्रकार</th><th colspan="2">समय सारणी<br>(पी.डी.आई. की तिथि से)</th><th>अन्य विवरण</th></tr>
<tr><th>दिन</th><th>संचयी परिचालन घंटे</th><td rowspan="2">लेबर चार्ज मुफ्त है परन्तु ऑयल एवं कन्स्यूमेबल चार्ज देय है ।</td></tr>
<tr><td>सर्विस (ए)</td><td>180</td><td>100</td></tr>
</table>

# होण्डा सीएल पॉवर प्रोडक्ट्स लिमिटेड

मुख्य कार्यालयः प्लॉट न. ५, सैक्टर–४१, कासना, ग्रेटर नोएडा इंडस्ट्रीयल डेवलपमेन्ट एरिया,
जि. गौतम बुद्ध नगर – २०१ ३१०, उत्तर प्रदेश
फोन : ०१२०–२३४१०५० – ५९ फैक्स : ०१२०–२३४१०७८ – ७९

## एरिया ऑफिस सूची

### अहमदाबाद
ए-९०४, सिद्धि विनायक टॉवर,
डी.सी.पी. ऑफिस के पीछे,
ऑफ एस.जी. हाईवे, मकरबा,
अहमदाबाद – ३८० ०५१, गुजरात
फोन : ०७९-४८०००७३०, ९९७८९१२९८६
फैक्स : ०७९-२९७००१२१
ई–मेल : ao.ahm@hspp.com

### बेंगलुरू
डी०७, ७वीं मंजिल, "सोलस" स्टॉक एक्सचेंज
के सामने, ऑफ जे सी रोड,
बेंगलुरू – ५६० ००२, कर्नाटक
फोन : ०८०–२२२१७१५२, २२२१७१७२
ई–मेल : ao.blr@hspp.com

### भोपाल
१०, सारनाथ कॉम्प्लेक्स, द्वितीय मंजिल,
एम.पी. बोर्ड ऑफिस के सामने,
लिंक रोड न.१, शिवाजी नगर,
भोपाल – ४६२ ०१६, मध्य प्रदेश
फोन : ०७५५–४२५८५१५, ४२५८५३८
फैक्स : ०७५५–४२५८५३८
ई–मेल : ao.bho@hspp.com

### भुवनेश्वर
प्लॉट नं. ६२–६३, यूनिट ६, गंगा नगर,
भुवनेश्वर – ७५१ ००१, ओडिशा
फोन : ०६७४–२३९७३५२, २३९७४७७
ई–मेल : ao.bhu@hspp.com

### चंडीगढ़
एनएच–२१, नजदीक पुरानी ऑक्ट्राय,
अम्बाला – चंडीगढ़ रोड, पभात, जीरकपुर,
जि.एस.ऐ.एस. नगर – १४० ६०३, पंजाब
फोन : ०१७६२–५३११०९
ई–मेल : ao.chd@hspp.com

### चैन्नई
पुरानी संख्या ७९, नयी संख्या १३ की पहली मंजिल,
कौन्दामनी फ्लैट्स, भास्कर कॉलोनी,
विरुगमबक्कम, चेन्नई – ६०० ०९२, तमिलनाडु
फोन : ०४४–२३७६७०९१, २३७६७०९२
फैक्स : ०४४–२३७६७०९३
ई–मेल : ao.mad@hspp.com

### कोचिन
दरवाजा नं. ४४/२२१४ डी३, द्वितीय मंजिल,
होली ट्यूस्डे शॉपिंग मॉल,
कल्लूर, कोचि – ६८२ ०१७, केरल
फोन : ०४८४–२५३७७५३, २५३७७६३
ई–मेल : ao.coch@hspp.com

### दिल्ली
प्लॉट न.५, सैक्टर–४१, कासना,
ग्रेटर नोएडा इंडस्ट्रीयल डेवलपमेन्ट एरिया,
जि. गौतम बुद्ध नगर – २०१ ३१०, उत्तर प्रदेश
फोन : ०१२०–२५९०२४४
फैक्स : ०१२०–२३४१०७८, २३४१०७९
ई–मेल : ho.mktg@hspp.com

### गौहाटी
प्रदीप बर्मन का घर
वुडलैण्ड बाई लेन,
डी.जी.पी. ऑफिस के सामने
डॉ. बी.के.काकोति रोड, उलुबारी,
गौहाटी – ७८१ ००७, असम
फोन : ०३६१–२५२५६२९, २४५०५९५
ई–मेल : ao.guw@hspp.com

### हैदराबाद
दरवाजा सं० १–८–३२/६४, प्लॉट सं० ६४,
जी. वाई. आर प्लाज़ा, द्वितीय मंजिल,
बापू बाग कॉलोनी, पी. ज़ी. रोड,
सिकंदराबाद–५०० ००३, तेलंगाना
फोन : ०४०–२७८०३४४९/२७८०३४५०
ई–मेल : ao.hyd@hspp.com

### जयपुर
एस–४७, रोड नं.१, विकास पथ,
गीजगढ़ विहार, हवा सड़क,
जयपुर–३०२ ००६, राजस्थान
फोन : ०१४१–२२११७५०
ई–मेल : ao.jpur@hspp.com

### जम्मू
प्लॉट नं. ५०, यार्ड नं. ६
नज़दीक एस.आर.टी.सी. यार्ड,
ट्रांसपोर्ट नगर, नतवाल,
जम्मू, जे एण्ड के
फोन : ०१९१–२४६००५८
ई–मेल : ravi.tandon@hspp.com

### कोलकाता
छठी मंजिल, १५ एन नेली सेनगुप्ता
सरनि (लिंडसे स्ट्रीट)
नज़दीक न्यू मार्केट, घन्टाघर,
कोलकाता–७०० ०८७, पश्चिम बंगाल
फोन : ०३३–२२५२२७४४–२२५२२७४५
फैक्स : ०३३–२३६७४९४९
ई–मेल : ao.cal@hspp.com

### लखनऊ
८०, चंद्रलोक कॉलोनी, अलीगंज,
लखनऊ – २२६ ०२४, उत्तर प्रदेश
फोन : ०५२२–२३२१६३०, २३३०२१३
फैक्स : ०५२२–२३२१६३०
ई–मेल : ao.luk@hspp.com

### मुंबई
ए–२१२, द्वितीय मंजिल, सागर टेक प्लाजा,
साकीनाका, अन्धेरी (पूर्व),
मुम्बई – ४०० ०७२, महाराष्ट्र
फोन : ०२२–२८५११३४२, २८५१३८७४
फैक्स : ०२२–२८५१६८५४
ई–मेल : ao.mum@hspp.com

### पटना
मारफत जॉर्ज एंटरप्राइजेज, शालीमार कोल्ड
स्टोरेज नज़दीक पटना बाई–पास रोड,
अनिशाबाद, पटना–८०० ००२, बिहार
फोन : ०६१२–२२५८८०१, २२५८७८५
ई–मेल : ao.pat@hspp.com

### राँची
तीसरी मंजिल, श्री विष्णु इनोवा टॉवर,
गरीखाना चौंक, नज़दीक पी.एन.बी. बैंक,
हरमू रोड, किशोर गंज,
राँची – ८३४ ००१, झारखण्ड
फोन : ०६५१–२२१४२३०
ई–मेल : ao.ranchi@hspp.com

**Disposal**

To protect the environment, do not dispose of the used water pump, engine oil, etc. carelessly by leaving them in the waste.
Observe the local laws or regulations or consult your authorized Honda dealer to dispose of these parts.

Please dispose of used engine oil in a manner that is compatible with the environment. We suggest you take it in a sealed container to your local service station for reclamation. Do not throw it in the trash or pour it on the ground.

निपटान

पर्यावरण की सुरक्षा के लिए प्रयुक्त वाटर पम्प, इंजन ऑयल आदि को लापरवाही से अपशिष्ट में छोड़कर उनका निपटान न करें। इनका निपटान करने के लिए स्थानीय कानूनों व नियमों का निरिक्षण करें या अपने अधिकृत होण्डा डीलर से परामर्श करें।

कृपया इस्तेमाल किए गए इंजन ऑयल को ऐसे तरीके से निपटान करें जो पर्यावरण के अनुकूल हो। हम आपको सुझाव देते हैं कि आप इसे सील बंद कंटेनर में संशोधन के लिए अपने स्थानिय सर्विस स्टेशन पर ले जाए। इसे कचरे में न फैंके और न ही जमीन पर बहायें।

HONDA

**Honda Siel Power Products Limited**
Regd. Off. : 409, DLF Tower B,
Jasola Commercial Complex,
New Delhi -110 025.
CIN : L40103DL2004PLC203950
E-mail : ho.mgt@hspp.com
Website : www.hondasielpower.com
Tel. No. : 1800 11 2323

**To access information about Operations, Maintenance & Troubleshooting, please visit: www.hppsv.com/IND/ or scan**

© Honda Siel Power Products Ltd. 2014

4MYB4D01
00X4M-YB4-D010

VV XXX.YYYY.MM
Printed in XXXXX